वर्ष: 01 अंक: 09

एक कदम पारदर्शिता की ओर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूज़लेटर - जनवरी - 2022




National Commission For Scheduled Castes
5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi-110 003

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

**न्यूजलेटर**

वर्ष: 01 अंक: 09 जनवरी 2022



**संपादक**

राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com

@srajeshranjan


गत जनवरी माह में हमने 73वां गणतंत्र दिवस मनाया। जैसा कि सभी जानते हैं कि एक स्वतंत्र गणराज्य बनने के लिए भारतीय संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान अपनाया गया था लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। आयोग भी गणतंत्र की विचारधारा पर कार्य कर रहा है। बता दें कि नए साल 2022 की शुरूआत से ही देश एक बार फिर से कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में है। कोरोना केसों के बढ़ने के कारण अधिकांश दफ्तरों में 50 फीसदी क्षमता के साथ ही काम हो रहा है। फिर भी हम अपने इस न्यूजलेटर के माध्यम से आप लोगों तक आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों को पहुंचा रहे हैं। यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि न्यूजलेटर हर माह प्रकाशित किया जा रहा है और इस बार हम न्यूजलेटर का नौवां अंक प्रकाशित कर रहे हैं।

धन्यवाद

(संपादक)

**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**

**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:

**https://ncsc.negd.in/**

## National Commission for Scheduled Castes



SHRI VIJAY SAMPLA
CHAIRMAN




SHRI ARUN HALDER
VICE-CHAIRMAN



DR. ANJU BALA
MEMBER



SHRI SUBHASH RAMNATH
PARDHI, MEMBER




@NCSC_GoI @NCSC.GoI @ncsc_goi

# माननीय अध्यक्ष का सन्देश



## विजय सांपला

अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

आप सभी को नए साल व गणतंत्र दिवस की बधाई। बीते माह ही देश ने 73वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस साल देश 73वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी 1950 को भारत सरकार अधिनियम (1935) के स्थान पर हमारा संविधान लागू हुआ था। भारतीय संविधान के जनक डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने इसे बनाकर ये बोध कराया कि अब हम पूर्ण रूप से आज़ाद हैं।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि साल 1950 में 26 जनवरी के दिन ही हमारे देश में संविधान लागू हुआ था, जिसके उपलक्ष्य में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक स्वतंत्र गणराज्य बनने के लिए भारतीय संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान अपनाया गया था लेकिन इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। बाबा साहब ने संविधान को दो साल, 11 महीने और 18 दिनों में तैयार कर राष्ट्र को समर्पित किया था।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के अनुसार ही कार्यरत है। शोषित-वंचित समाज के एक अंग के रूप में उसकी पीड़ा को डॉ. आंबेडकर ने न सिर्फ स्वयं झेला था, बल्कि व्यापक परिप्रेक्ष्य में उस पीड़ा को समाप्त करने के लिए आजीवन कटिबद्ध भी रहे।

स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व को स्थापित करना बाबा साहब का सर्वोपरि लक्ष्य था। उन्होंने भारतीय संविधान की आधारशिला रखते हुए एक ऐसे आदर्श लोकतंत्र की परिकल्पना की जिसे साकार करना होगा। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

देश में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर से तेजी से फैल रहा है। हेल्थ गाइडलाइंस के मुताबिक ही आयोग मुख्यालय भी कार्य कर रहा है। कोरोना काल में भी आयोग आयोग अनुसूचित जाति वर्ग को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता व वचनबद्धता को निभाने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से मिली घटनाओं की जानकारी पर भी आयोग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित सरकारों और प्रशासन से जवाब मांगा जा रहा है।

जय हिंद !

सादर धन्यवाद

**विजय सांपला**

@thevijaysampla

# समीक्षा बैठक




## तमिलनाडु राज्य में अनुसूचित जाति आरक्षण नीति व मामलों की समीक्षा बैठक




राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने तमिलनाडु राज्य की रिव्यू मीटिंग के लिए चेन्नई व वेल्लोर का दौरा किया। आयोग का यह दो दिवसीय दौरा था। इस दौरे का नेतृत्व आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला ने की। तमिलनाडु राज्य के लिए बुलाई गई इस रिव्यू मीटिंग में राज्य के आला अधिकारी भी शामिल रहे। इस रिव्यू मीटिंग राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के लंबित मामलों के निस्तारण हेतु व कर्मचारियों के मामले जल्द निपटाने के लिये निर्देश दिये गए। साथ ही अनुसूचित जाति आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की गई। इससे पहले माननीय अध्यक्ष के वेल्लोर पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी को गार्ड ऑफ ऑनर दे कर सम्मानित किया गया।

### दी पंजाब एसोसिएशन ने किया सम्मान

माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर चेन्नई पहुंचे। दौरे के पहले दिन चेन्नई में रहने वाले पंजाबी समुदाय की संस्था "दी पंजाब एसोसिएशन" ने माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला के स्वागत हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष ने आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। साथ ही कार्यक्रम में आए लोगों की समस्याओं को भी सुना।






# इंडियन ओवरसिज बैंक की समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरुण हालदार ने समीक्षा बैठक के लिए तमिलनाडु राज्य का दौरा किया। समीक्षा बैठक का आयोजन चेन्नई में किया गया था। इस दौरान उन्होंने बेंगुलुरू क्षेत्र में इंडियन ओवरसिज बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। साथ ही उनके समाधान संबंधित विषयों पर विचार विमर्श भी किया। माननीय सदस्य ने राज्य के दौरे के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचाराधीन मामलों पर सुनवाई कर न्यायोचित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी जारी किया।

# आयोग ने किया हिमाचल प्रदेश का दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने जनवरी माह में हिमाचल प्रदेश राज्य का दौरा किया। हिमाचल प्रदेश दौरे का नेतृत्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने किया। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत बैंको के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

साथ ही प्रदेश दौरे के दौरान जनपद शिमला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित मामलों पर सुनवाई कर न्यायोचित समाधान हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया।





# लोगों की समस्याएं सुनी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी ने नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में लोगों की जन समस्याएं सुनीं। इसके बाद माननीय सदस्य ने उनकी समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए न्यायोचित कार्यवाही कर मामले का निस्तारण किया।

जनसुनवाई



## HAL द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे माननीय उपाध्यक्ष

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग उपाध्यक्ष माननीय अरूण हालदार ने हैदराबाद का दौरा किया। इस दौरान माननीय उपाध्यक्ष ने एचएएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। कार्यक्रम में एचएएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यहां पर माननीय उपाध्यक्ष ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। साथ ही कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित भी किया।

## चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी शिकायत लेकर पहुंचे आयोग

उत्तर प्रदेश स्थित चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी अपनी शिकायतों के संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय पहुंचे। विद्यार्थियों का यह प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला से मिले। विद्यार्थियों की शिकायतों को उन्होंने सुना। इसके बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने आयोग के नई दिल्ली कार्यालय मे आये हुए चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के शिकायती पत्रों पर संज्ञान लेकर कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया।





## समस्याएं निपटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामना पारधी आधिकारिक दौरे पर राजस्थान के अजमेर पहुंचे। यहां पर माननीय सदस्य ने अनुसूचित जाति वर्ग लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों की समस्याएं सुनने के पश्चात माननीय सदस्य ने संबंधित जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा सामाजिक विभाग के अधिकारी के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निपटान के संबंध में निर्देश जारी किए।

ThePrint
GRITZO SUPERMILK
INDIA'S ONLY PERSO NUTRITION FOR YOU
POLITICS GOVERNANCE ECONOMY DEFENCE INDIA FEATURES OPINION EVENTS VIDEO MORE

India

## Wankhede 'harassment': SC commission summons Maharashtra CS, DGP, Mumbai Police chief

PTI 7 January, 2022 07:00 pm IST

---

The Depth DIGITAL NEWS



crime ताजा राष्ट्रीय

## वानखेड़े मामले में मुंबई पुलिस आयुक्त को NCSC ने किया तलब

January 7, 2022 The Depth 0 Comments DH, NCB, NCSC, sameer-wankhede

समीर वानखेड़े मामला एक बार फिर से सुर्खियों में है. ताजा मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) ने मुंबई के पुलिस आयुक्त ... को 31 जनवरी को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस आयुक्त को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ... निदेशक रहे समीर वानखेड़े उत्पीड़न मामले के संबंध में अध्यक्ष विजय सांपला के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने को ...

---

THE FREE PRESS JOURNAL SINCE 1928
HOME OPINIONS INDIA WORLD BUSINESS ENTERTAINMENT SPORTS LIFESTLYE EDUCATION

Updated on: Friday, January 07, 2022, 12:52 PM IST

## Sameer Wankhede 'harassment': NCSC asks Mumbai police chief to appear before it on January 31

The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) has asked Mumbai Police Commissioner Hemant Nagrale to appear before it on January 31 for an in-person hearing in connection with former NCB zonal director Sameer Wankhede's "harassment" complaint.

The NCSC has also asked Wankhede to be present for the hearing.

Wankhede, who led the probe in the cruise drugs case in which actor Shah Rukh Khan's son Aryan Khan was arrested, was recently accused by Maharashtra minister Nawab Malik of faking his caste certificate.

Malik had alleged that Wankhede was a Muslim and had forged his caste certificate and other documents to secure a job as an IRS officer under the SC quota after clearing the UPSC examination.

Wankhede has denied the allegations. He had written to the NCSC alleging harassment following "disclosures" made by Malik.

In a letter to Nagrale, NCSC director Kaushal Kumar said, "Chairman Vijay Sampla has fixed a meeting with you, in person, on January 31 at 11 am in his chamber at Lok Nayak Bhawan, New Delhi. Accordingly, you are to appear in person, along with an updated action taken report and all

---

mid-day

## SC panel summons Mumbai police Commissioner in Sameer Wankhede harassment case

It also asked the petitioner to remain present in the commission on the day of the hearing.



More Stories

Mumbai records double digit deaths for first time in third wave of Covid-19

---

ANI South Asia's Leading Multimedia News Agency
MON, JAN 17, 2022 | UPDATED 11:37 IST
National World Business Sports Lifestyle Entertainment Health




NCB Zonal Director Sameer Wankhede (File Photo/ANI)

## NCSC summons Mumbai Police Commissioner, Maharashtra Chief Secretary in Wankhede case

ANI | Updated: Jan 07, 2022 15:12 IST

Mumbai (Maharashtra) [India], January 7 (ANI): National Commi...

---

IANS live
HOME NATION SPORTS INTERNATIONAL BUSINESS ENTERTAINMENT

You are here! Home > NATION > NCSC panel summons Mumbai police Commissioner in W...

## NCSC panel summons Mumbai police Commissioner in Wankhede case



NCSC panel summons Mumbai police

Photo Credit: IANS

---

## NCSC panel summons Mumbai police Commissioner in Wankhede case

The NCSC further recommended the state government not to take final decision in the matter till the investigation is pending with it

IANS, JAN 07 2022, 13:22 IST | UPDATED: JAN 07 2022, 13:22 IST



Narcotics Control Bureau's (NCB) Zonal Director Sameer Wankhede. Credit: PTI Photo

The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) has asked Mumbai Commissioner of Police Hemant Nagrale to appear in-person before Chairman Vijay Sampla on January 31 regarding the Narcotics Control Bureau's (NCB) Zonal Director Sameer Wankhede harassment case.

---

OTHER STATES

## Scheduled Castes panel to hear Sameer Wankhede's plaint on Jan. 31

MUMBAI, JANUARY 08, 2022 04:58 IST
UPDATED: JANUARY 08, 2022 04:58 IST



**The former Narcotics Control Bureau officer had claimed harassment**

The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) will hear on January 31 the complaint filed by former Narcotics Control Bureau (NCB) officer Sameer Wankhede, who had claimed harassment. The commission has asked the Maharashtra Chief Secretary and the Director General of Police (DGP) and the Mumbai Police Commissioner, along with the Union Home Secretary, to appear for in-person hearing before it on January 31.

Mr. Wankhede too has been asked to be present.

Asking the officials to be present before commission chairman Vijay Sampla, the NCSC has sought the action-taken report on the complaint of Mr. Wankhede.





राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष माननीय श्री विजय सांपला जी के वेल्लोर, तमिलनाडू पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दे कर सम्मानित किया गया। (ऊपर).
अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित विषयों पर सुनवाई करने के लिए अधिकारियों संग बैठक करते माननीय अध्यक्ष। (नीचे)




**National Commission For Scheduled Castes**

**5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,**
**New Delhi-110 003**